{ विश्वास वही रफ्तार नई }

बालाघाट
मंगलवार 12 मई 2026
वैशाख कृष्ण 11 विक्रम सम्वत 2083
वर्ष 16, अंक 227
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

पद्मेश मीडिया समूह का प्रकाशन

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | - | 76,015.28 |
| निफ्टी | - | 23,815.85 |
| सोना | - | 1,52,130 |
| चांदी | - | 2,75,000 |
| डॉलर | - | 95.28 |

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## पीएम लगातार दूसरे दिन बोले- पेट्रोल-डीजल कम इस्तेमाल करें

## सोने की खरीद टालें, तेल कम खाएं; स्कूल ऑनलाइन हों, कंपनियां वर्क फ्रॉम होम दें

जामनगर। पीएम नरेंद्र मोदी ने लगातार दूसरे दिन लोगों से ईंधन और संसाधनों का कम इस्तेमाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जहां संभव हो पेट्रोल डीजल का उपयोग कम करें और मेट्रो, इलेक्ट्रिक बस और पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करें।

वडोदरा में मोदी ने कहा कि जैसे देश ने मिलकर कोरोना संकट का सामना किया था, वैसे ही मौजूदा संकट से भी देश बाहर निकल जाएगा। विदेश में रहने वाले भारतीयों से कहूंगा कि कम से कम पांच विदेशी मेहमानों को भारत घुमाने लाइए। उन्होंने कहा- सोने के आयात पर भी देश का बहुत बड़ा पैसा विदेश जाता है। जब तक हालात सामान्य न हों हम सोने की खरीद टालें। गोल्ड की जरूरत नहीं है।

मोदी ने खाने के तेल की खपत कम करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि खाद्य तेल के आयात पर भी देश की बड़ी विदेशी मुद्रा खर्च होती है। अगर लोग खाने के तेल का कम उपयोग करें तो इससे देश और शहर दोनों को फायदा होगा।



### पीएम बोले- भारत को कोई झुका नहीं सकता, 5 मुख्य बातें

सोमनाथ हमें याद दिलाता है कि कोई भी राष्ट्र तब तक मजबूत नहीं बन सकता, जब तक वह अपनी जड़ों से जुड़ा न रहे।

भारत में विरासत और आधुनिकता एक-दूसरे से अलग नहीं हैं, दोनों साथ-साथ चलते हैं।

हमारे देश में सांस्कृतिक और पवित्र स्थलों के पुनर्निर्माण को लेकर काफी राजनीति हुई है। दुर्भाग्य से आज भी ऐसी ताकतें हैं, जो राष्ट्रीय स्वाभिमान से ज्यादा तुष्टिकरण को महत्व देती हैं।

लुटेरों ने सोमनाथ मंदिर की भव्यता मिटाने की कोशिश की। इस मंदिर को बार-बार तोड़ा गया, लेकिन हर बार इसका पुनर्निर्माण हुआ।

दुनिया की कोई ताकत भारत को झुका नहीं सकती और न ही दबा सकती है।

### पोकरण परमाणु परीक्षण पर मोदी बोले- दुनिया हिल गई थी

इससे पहले मोदी सोमनाथ मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के 75 साल पूरे होने के मौके पर कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा- आज का दिन एक और वजह से भी खास है। आज के ही दिन 11 मई 1998 को देश ने पोकरण में परमाणु परीक्षण किया था। तब दुनिया भर की शक्तियां भारत को दबोचने मैदान में उतर गई थीं।

क्रू ने कहा- भारत के लिए सारे रास्ते बंद कर दिए गए थे। लेकिन हम डरे नहीं, डटे रहे। भारत ने पोकरण परमाणु परीक्षण को ऑपरेशन शक्ति नाम दिया था। क्योंकि शिव के साथ शक्ति आराधना ही हमारी परंपरा रही है। मैं भगवान सोमनाथ के चरणों में नमन करते हुए ऑपरेशन शक्ति की बधाई देता हूं।

### वाजपेयी सरकार में हुआ था दूसरा परमाणु परीक्षण

11 मई 1998 को अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में भारत ने अपना दूसरा परमाणु परीक्षण किया था। यह काफी गोपनीय ऑपरेशन था। इसकी तैयारियां इतनी गुप्त थीं कि विदेशी खुफिया एजेंसियों को इसकी भनक तक नहीं लगी।

इन परीक्षणों के जरिए भारत ने दुनिया को अपनी रणनीतिक और वैज्ञानिक ताकत दिखाई। लेकिन परमाणु परीक्षणों के बाद अमेरिका, जापान और कुछ पश्चिमी देशों ने भारत पर कई आर्थिक और तकनीकी प्रतिबंध लगाए थे।

## पीएम मोदी की सात अपीलें

## उपदेश नहीं नाकामी....

### -राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर साधा निशाना पलटवार

नई दिल्ली। राहुल गांधी ने सोमवार को पश्चिम एशिया में चल रहे संकट से निपटने के लिए पीएम मोदी की हालिया सात अपीलों पर पलटवार किया। उन्होंने इसे नाकामी बताया। उन्होंने कहा कि अब देश चलाना पीएम मोदी के बस में नहीं रह गया है। एक्स पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने लिखा- कल मोदीजी ने जनता से त्याग मांगा। सोना मत खरीदो, विदेश मत जाओ, पेट्रोल कम इस्तेमाल करो, खाद और खाने के तेल का इस्तेमाल घटाओ, मेट्रो से चलो, घर से काम करो। ये उपदेश नहीं हैं। ये विफलता हैं।

उन्होंने कहा कि 12 साल में देश को इस मुकाम पर ला दिया है कि जनता को बताना पड़ रहा है। क्या खरीदें, क्या नहीं। कहां जाए, कहां नहीं। दरअसल, रविवार को सिकंदराबाद में एक जनसभा में पीएम मोदी ने आयात पर निर्भरता कम करने की जरूरत पर जोर दिया था, ताकि विदेशी मुद्रा की बचत हो सके और पर्यावरण की रक्षा हो सके।



पीएम मोदी रविवार को कहा था कि आज के समय में पेट्रोल, गैस और डीजल का इस्तेमाल कम करना होगा। पड़ोस में चल रहे युद्ध के असर से दुनियाभर में पेट्रोल-डीजल के दाम कई गुना बढ़ गए हैं। भारत पर इस वैश्विक संकट का असर ज्यादा है, हमारे पास तेल के बड़े कुएं नहीं हैं।

पीएम ने कहा कि पेट्रोल, गैस और डीजल बचाने के लिए हमें वर्क फ्रॉम होम जैसे उपायों की जरूरत है। अनावश्यक वाहन का इस्तेमाल कम करें। मेट्रो में सफर और कारपूलिंग करें। ज्यादा से ज्यादा लोगों को उसमें बैठाकर ले जाएं। हर परिवार अगर खाने के तेल का इस्तेमाल थोड़ा कम करे तो इससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी और लोगों की सेहत भी बेहतर रहेगी। देश को रासायनिक उर्वरकों की खपत आधी करने का लक्ष्य रखना चाहिए और तेजी से प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ना चाहिए। शादियों, छुट्टियों और अन्य कारणों से विदेश यात्रा कुछ समय के लिए टालना देशहित में होगा। सोने के आयात में बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा खर्च होती है। देशहित में लोगों को एक साल तक सोना खरीदने और दान करने से बचना चाहिए।

रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर साल सोने के आयात पर लाखों करोड़ रुपए खर्च हो रहे हैं। 2024-26 में यह आंकड़ा 4.89 लाख करोड़ रुपए था, जो 2025-26 में 6.40 लाख करोड़ रुपए रहा।

## खास खबर

### जैकलीन फर्नांडीस के सरकारी गवाह बनने की कोशिश पर ईडी का अड़ंगा

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीस को महाठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सोमवार को बड़ा झटका लगा है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उनकी सरकारी गवाह (अप्रूवर) बनने की अर्जी का कड़ा विरोध किया है। पटियाला हाउस कोर्ट ने अभिनेत्री जैकलीन के वकील को ईडी के जवाब पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया है, जिसकी अगली सुनवाई 12 मई को होगी। सुनवाई के दौरान ईडी ने अदालत को बताया कि जैकलीन ने जांच के दौरान बिल्कुल भी सहयोग नहीं किया था और उनका आचरण संतोषजनक नहीं रहा। जांच एजेंसी ने आरोप लगाया कि उन्होंने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 50 के तहत दर्ज अपने बयानों में पूर्ण और सही जानकारी देने में लगातार विफलता दिखाई। ईडी ने कहा कि जैकलीन को सुकेश चंद्रशेखर के आपराधिक इतिहास और धोखाधड़ी के बारे में पूरी जानकारी थी, इसके बावजूद उन्होंने उससे नियमित और लगातार संपर्क बनाए रखा। एजेंसी का दावा है कि सुकेश ने अपराध की आय से ही जैकलीन को महंगे उपहार और अन्य सामान दिलाए थे, जो कि मनी लॉन्ड्रिंग का हिस्सा था।

### सांसद सागरिका को मिली धमकी

नई दिल्ली। राज्यसभा में टीएमसी की उपनेता और सांसद सागरिका घोष को फोन पर धमकी



मिली है। सागरिका घोष ने इसकी जानकारी अपने एक्स हैंडल पर दी। उन्होंने दिल्ली पुलिस से एक्शन लेने की गुहार लगाई है। सागरिका घोष ने आरोपियों के नंबर भी साझा किया है। सागरिका ने लिखा- डियर दिल्ली पुलिस मुझे कल शाम तीन अलग-अलग नंबरों से धमकी भरे कॉल आए, जिनकी पहचान मैंने अपने ट्रू कॉलर ऐप के जरिए कर ली है। आशा है आप जरूरी कार्रवाई करेंगे। मैं शिकायत भी दर्ज कराऊंगी। धन्यवाद। बता दें सागरिका घोष पत्रकार, लेखिका और वर्तमान में तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा में उपनेता और सांसद हैं। वह जाने माने पत्रकार राजदीप सरदेसाई की पत्नी हैं। उन्होंने फरवरी 2024 में एक्टिव पॉलिटिक्स में कदम रखा और टीएमसी के टिकट पर पश्चिम बंगाल से राज्यसभा सदस्य चुनी गईं। वर्तमान में वे राज्यसभा में टीएमसी की डिप्टी लीडर भी हैं। सागरिका घोष ने 30 साल तक पत्रकारिता की।

## सोमनाथ अमृत महोत्सव में पीएम मोदी को हुई दिव्य अनुभूति

### प्रधानमंत्री बोले- आज वो उस क्षण को जी रहे जो पहले कभी देश के प्रथम राष्ट्रपति ने जीआ होगा

अहमदाबाद। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सोमनाथ अमृत महोत्सव में भाग लिया, जहां उन्होंने दिव्य अनुभूति व्यक्त कर कहा कि वे यहां आकर धन्य महसूस कर रहे हैं। यह महोत्सव पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के भक्तों के लिए अपने द्वार खोलने के 75 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी भावनाएं व्यक्त कर प्रधानमंत्री मोदी ने जय सोमनाथ लिखा और बताया कि पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के लोकार्पण की 75वीं वर्षगांठ पर पावनधाम सोमनाथ आकर मन अभिभूत और भावविभोर हो गया है। उन्होंने कहा कि वह आज उस क्षण को जी रहे हैं, जिसका अनुभव भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने 1951 में पुनर्निर्मित मंदिर के लोकार्पण के मौके पर जीआ होगा। उन्होंने इस दिन को भारत की सभ्यतागत यात्रा में एक मील का पत्थर बताया।

इस ऐतिहासिक मौके पर भारतीय वायु सेना की सूर्य किरण एरोबेटिक्स टीम ने बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक सोमनाथ मंदिर के ऊपर शानदार हवाई करतब दिखाए, जिसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध हो गया। इस मौके प्रधानमंत्री मोदी ने मंदिर में एक विशेष महापूजा में भी हिस्सा लिया।

वहीं सोमनाथ पहुंचने से पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने जामनगर से मंदिर तक एक भव्य रोड शो किया। हेलीपैड से वीर हमीरजी सर्कल तक करीब 1.5 किलोमीटर लंबे मार्ग पर हजारों लोग उनके स्वागत के लिए उमड़ पड़े। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी भी इस दौरान प्रधानमंत्री के साथ मौजूद थे। समर्थकों ने झंडे लहराए, नारे लगाए, जबकि पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों के कलाकारों ने मार्ग में निर्धारित स्थानों पर पारंपरिक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को और भी भक्तिमय बना दिया।

## बंगाल चुनाव हार पर टीएमसी का नया दावा : एसआईआर के कारण गई 31 सीटें

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद सत्ता से बाहर हुई तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने सुप्रीम कोर्ट में नतीजों को लेकर एक नया दावा पेश किया है। ममता की पार्टी ने सोमवार को एसआईआर (स्ट्राइक-आउट, इनएलिजिबल और रिजेक्टेड) से संबंधित मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि इसी प्रक्रिया के चलते 31 सीटों पर चुनाव परिणाम प्रभावित हुआ और पार्टी को हार का सामना करना पड़ा।

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान बंगाल सरकार के लिए पैरवी कर रहे वरिष्ठ वकील कल्याण बनर्जी ने सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष अपनी दलील में कहा कि इन 31 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत का अंतर एसआईआर में हटाए गए मतदाताओं की संख्या से भी कम है। उन्होंने कहा कि यदि एसआईआर के कारण मतदाताओं का नाम सूची से नहीं हटाया जाता, तब इन सीटों का परिणाम निश्चित रूप से कुछ और हो सकता था और इससे चुनाव का रुख बदल सकता था। ममता बनर्जी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि कई



सीटें ऐसी भी हैं, जहां कटे हुए वोटों की संख्या और जीत का अंतर करीब बराबर है। उन्होंने कहा कि एक सीट पर, तब तृणमूल कांग्रेस का उम्मीदवार मात्र 862 वोटों से हार गया, जबकि उसी सीट पर एसआईआर प्रक्रिया के तहत 5432 वोट हटा दिए गए थे।

तृणमूल कांग्रेस का कहना है कि राज्य के चुनाव में भाजपा और टीएमसी के बीच कुल 32 लाख वोटों का अंतर रहा है, जबकि वोटर सूची से नाम हटाने संबंधी 35 लाख अपीलें फिलहाल विभिन्न न्यायाधिकरणों (ट्राइब्यूनल्स) के समक्ष लंबित हैं, जिन पर अभी फैसला आना बाकी है। ममता के वकील ने इस दौरान जस्टिस जॉयमाल्या बागची की एक पुरानी टिप्पणी का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि यदि डिलीट हुए वोटों की संख्या जीत के अंतर से ज्यादा रहती है, तब इसतरह के मामलों का न्यायिक परीक्षण अवश्य किया जाना चाहिए।

इन दलीलों पर सुनवाई कर चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की खंडपीठ ने टीएमसी को सलाह दी है कि वे इस मामले को लेकर अलग से याचिकाएं दाखिल कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट बेंच ने स्पष्ट रूप से कहा कि ममता बनर्जी सहित इन 31 सीटों के सभी उम्मीदवार इस दावे के साथ अलग से याचिकाएं दायर कर सकते हैं। अदालत ने ममता बनर्जी का नाम विशेष रूप से इसलिए लिया क्योंकि भवानीपुर सीट भी उन्हीं सीटों में शामिल है, जहां एसआईआर में कटे वोटों से जीत का अंतर कम बताया जा रहा है।

## केरल में मुख्यमंत्री को लेकर सस्पेंस खत्म होने के आसार, कल शाम तक हो सकता नाम का ऐलान

नई दिल्ली। केरल में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की शानदार जीत दर्ज करने के बाद मुख्यमंत्री पद को लेकर बना सस्पेंस अब जल्द खत्म हो सकता है। कांग्रेस नेतृत्व अगले 1 दिन के भीतर नए मुख्यमंत्री के नाम का औपचारिक ऐलान कर सकता है। सूत्रों के मुताबिक कल शाम तक अंतिम फैसला सामने आ सकता है, जबकि इसके बाद गुरुवार को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किए जाने की संभावना जताई जा रही है।



कांग्रेस गठबंधन को विधानसभा चुनाव में स्पष्ट बहुमत मिलने के बाद अब सबसे बड़ा सवाल मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर बना हुआ है। कई दिनों से जारी बैठकों और मंथन के बीच अब पार्टी नेतृत्व अंतिम निर्णय के करीब पहुंचता दिखाई दे रहा है।

सूत्रों के अनुसार कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को मुख्यमंत्री पद को लेकर विस्तृत चर्चा की। बताया जा रहा है कि राहुल गांधी ने इस विषय पर प्रियंका गांधी वाड्रा से भी राय ली है। साथ ही गठबंधन में शामिल सहयोगी दलों से भी परामर्श का दौर जारी है।

इसी बीच पार्टी उच्च नेतृत्व ने राज्य के कई वरिष्ठ नेताओं को नई दिल्ली बुलाया है। इनमें के सुधाकरन, के मुरलीधरन, एम एम हसन और तिरुवरूर राधाकृष्णन जैसे वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल बताए जा रहे हैं।

राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि के सी वेणुगोपाल मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं। हालांकि कांग्रेस नेतृत्व आधिकारिक घोषणा से पहले सभी पक्षों को साथ लेकर चलने की रणनीति पर काम कर रहा है।

अब सबकी निगाहें दिल्ली में होने वाली अंतिम बैठक पर टिकी हैं, जहां से केरल के अगले मुख्यमंत्री के नाम पर मुहर लग सकती है।

## तमिलनाडु की राजनीति में हलचल, अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम में फिर टूट के संकेत

चेन्नई। तमिलनाडु की राजनीति में एक बार फिर बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद अब अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के भीतर नेतृत्व को लेकर नई खींचतान शुरू हो गई है। पार्टी में एक और बड़ी टूट की आशंका जताई जा रही है, जिससे राज्य की सियासत में हलचल तेज हो गई है।

सूत्रों के अनुसार पार्टी के करीब 30 विधायकों ने कार्यवाहक विधानसभा अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर एस पी वेलुमणि को विधायक दल का नेता मान्यता देने की मांग की है। बताया जा रहा है कि यह समूह वरिष्ठ नेता सी वी शणमुगम के समर्थन में खड़ा है और पार्टी नेतृत्व में बदलाव चाहता है।

वहीं दूसरी ओर पूर्व मुख्यमंत्री एडप्पडी के पलानीस्वामी के समर्थन में भी 17 विधायकों ने अलग पत्र सौंपा है। इससे साफ है कि पार्टी अब दो खेमों में बंटती दिखाई दे रही है।

राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि सी वी शणमुगम का गुट अभिनेता और मुख्यमंत्री विजय की सरकार को समर्थन देने के पक्ष में है। अगर यह गुट पार्टी के कुल विधायकों में दो-तिहाई समर्थन जुटाने में सफल रहता है, तो वह खुद को पार्टी का वास्तविक नेतृत्व होने का दावा कर सकता है।

जानकारों का मानना है कि यदि यह गुट किसी दूसरी पार्टी में विलय का फैसला करता है, तो दल-बदल विरोधी कानून के तहत विधायकों की सदस्यता बची रह सकती है।

## कुछ ना कहना




## असम में हिमंता बिस्वा सरमा का शपथ ग्रहण आज

गुवाहाटी,। असम के भावी मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने घोषणा की है कि 12 मई को शपथ ग्रहण के बाद उनकी नई सरकार पार्टी के घोषणापत्र को लागू करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी। सरमा ने स्पष्ट किया कि शपथ ग्रहण के तुरंत बाद होने वाली पहली कैबिनेट बैठक में घोषणापत्र के कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 मई को गुवाहाटी पहुंचने और शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने वाले है। सीएम सरमा ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और कई एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी



इस ऐतिहासिक मौके के साक्षी बनने वाले है। पार्टी के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में लोग इस कार्यक्रम में उपस्थित रहने वाले है।

असम के मुख्य सचिव रवि कोटा ने 11 मई को राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य की ओर से हिमंता बिस्वा सरमा को मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्त करने का आदेश जारी किया था। राज्यपाल ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 164(1) के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह नियुक्ति की। सरमा 12 मई को सुबह 11:40 बजे गुवाहाटी के खानापारा स्थित पशु चिकित्सा महाविद्यालय मैदान में पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे।

## एलपीजी सिलेंडर डिलीवरी में डीएसी कोड अनिवार्य

### -धोखाधड़ी से बचने के लिए कंपनियां सतर्क

नई दिल्ली। एलपीजी गैस सिलेंडर की डिलीवरी अब पूरी तरह से डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) के माध्यम से हो रही है, जिससे सिलेंडर का गलत हाथों में जाना असंभव हुआ है। यह नई व्यवस्था गैस सिलेंडर के वितरण को सुरक्षित और सुनिश्चित बनाने के लिए लागू की गई है, ताकि प्रत्येक सिलेंडर सही उपभोक्ता तक पहुंचे। हालांकि, इस सुरक्षा प्रणाली के साथ ही एक नई चुनौती भी सामने आई है- साइबर अपराधी अब फेक डीएसी कोड के जरिए लोगों को ठगने की कोशिश कर रहे हैं। यह देखकर इंडेन, एचपीसीएल और भारत गैस जैसी एलपीजी सप्लाई कंपनियों ने उपभोक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण अपडेट और सुरक्षा दिशानिर्देश जारी किए हैं।

कंपनियों ने असली और नकली डीएसी कोड संदेशों की पहचान के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। एचपीसीएल और भारत गैस के अनुसार, आधिकारिक संदेश विशिष्ट सेंडर नामों से आते हैं और उनमें एक ओटीपी (एचपीसीएल के लिए 4 अंक, इंडेन के लिए 6 अंक) होता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह ओटीपी या डीएसी कोड केवल तभी साझा किया जाना चाहिए जब डिलीवरी बॉय सिलेंडर लेकर आपके घर पहुंच जाए। कंपनियां चेतावनी देती हैं कि उनके कर्मचारी कभी भी फोन कॉल, व्हाट्सएप या किसी संदिग्ध लिंक के माध्यम से ओटीपी या डीएसी कोड नहीं मांगते। साइबर विशेषज्ञ उपेंद्र सिंह इंडेन के उपभोक्ताओं को सलाह देते हैं कि वे हमेशा यह सुनिश्चित करें कि उन्होंने सिलेंडर बुक किया था और संदेश आधिकारिक सेंडर आईडी से आया हो। किसी भी इसतरह के संदेश पर भरोसा न करें जो जल्दबाजी में कार्रवाई करने को कहे, अजीब लगे, या जिसका सेंडर आईडी संदिग्ध हो।

एलपीजी सिलेंडर के घरेलू और व्यावसायिक दोनों ही दरों में विभिन्न शहरों में अंतर है। उदाहरण के लिए, बेंगलुरु में घरेलू सिलेंडर 915.50 और हैदराबाद में 965 में उपलब्ध है, जबकि पटना में यह 1002.50 का है। जयपुर में घरेलू सिलेंडर 916.5 और देहरादून में 932 का है। व्यवसायिक सिलेंडर की कीमतें भी इसी तरह अलग-अलग हैं।

# अशोक जाट पर जिला बदर कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के पुतले को किया आग के हवाले

## काली पुतली चौक पर कांग्रेसियों की नारेबाजी, पुलिस ने पुतला जलाने से रोका, किसानों की अनदेखी का लगाया आरोप

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

उज्जैन किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पर जिला बदर की कार्रवाई किए जाने के विरोध में बालाघाट में किसान कांग्रेस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान स्थानीय कालीपुतली चौक पर मुख्यमंत्री मोहन यादव के पुतला को आग के हवाले किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कार्रवाई को लोकतांत्रिक आवाज दबाने का प्रयास बताया। किसान कांग्रेस पदाधिकारियों का कहना था कि सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई कर रही है। पुतला दहन कार्यक्रम को देखते हुए मौके पर सुरक्षा व्यवस्था के तहत बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हल्की झड़प जैसी स्थिति भी बनी। पुलिस ने हस्तक्षेप करते हुए कांग्रेसियों को पूरा पुतला जलाने से रोक दिया, जिसके बाद कुछ देर तक मौके पर तनाव की स्थिति बनी रही। हालांकि बाद में पुलिस की समझाइश के बाद मामला शांत हुआ। प्रदर्शन में किसान कांग्रेस के पदाधिकारी, कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।





उज्जैन किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक जाट पर की गई जिला बदर की कार्रवाई को लेकर अब कांग्रेस का विरोध प्रदेशभर में तेज होता दिखाई दे रहा है। इसी विरोध के तहत बालाघाट जिले में भी कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन का प्रयास किया। सोमवार 11 मई को स्थानीय काली पुतली चौक में किसान कांग्रेस सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बताया जा रहा है कि उज्जैन किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक जाट के खिलाफ उनके आपराधिक रिकॉर्ड को आधार बनाते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा 6 महीने के लिए जिला बदर की कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई को कांग्रेस नेताओं ने राजनीतिक द्वेषपूर्ण बताते हुए भाजपा सरकार पर विपक्ष की आवाज दबाने का आरोप लगाया है। बालाघाट में आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष भुरु पटेल और जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सरस्वार ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार लगातार कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को निशाना बना रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए प्रशासनिक कार्रवाई का सहारा ले रही है। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि उज्जैन में किसान कांग्रेस पदाधिकारी पर की गई जिला बदर की कार्रवाई इसी राजनीतिक मानसिकता का परिणाम है। जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सरस्वार ने सरकार पर किसानों की अनदेखी करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसान लगातार परेशान हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दे रही है। किसानों को उनकी उपज का उचित समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा है और जिले में भी किसानों की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसान हितैषी होने का दावा करती है, लेकिन जमीन पर किसान परेशान और आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सरकार किसानों और विपक्षी नेताओं के हित में काम करने के बजाय उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करने में लगी हुई हैं। इसी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पुतला दहन करने का निर्णय लिया। विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन का प्रयास किया, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस बल ने सुरक्षा व्यवस्था का हवाला देते हुए पुतला जलने नहीं दिया। जैसे ही कांग्रेसियों ने पुतले को आग लगाने की कोशिश की, पुलिसकर्मियों ने तुरंत हस्तक्षेप करते हुए पुतले को कब्जे में ले लिया और उसे जलने से बचा लिया। इस दौरान काली पुतली चौक पर कुछ समय के लिए तनावपूर्ण स्थिति भी निर्मित हो गई थी। प्रदर्शन को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। नगर पुलिस अधीक्षक मयंक तिवारी स्वयं मौके पर मौजूद रहे और पूरी स्थिति पर नजर बनाए रखी। पुलिस द्वारा सतर्कता बरतने के कारण स्थिति नियंत्रण में रही और किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई। प्रदर्शन में किसान कांग्रेस और कांग्रेस संगठन से जुड़े कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार विपक्षी नेताओं और किसानों के खिलाफ इसी तरह कार्रवाई करती रही तो आने वाले समय में आंदोलन और तेज किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर प्रशासन पूरे मामले को कानून व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ा विषय बता रहा है।

# टीएल बैठक में समय सीमा प्रकरणों की हुई समीक्षा



पद्मेश न्यूज। बालाघाट। 11 मई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कलेक्टर मृणाल मीना ने विभिन्न विभागों के समय-सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जी.एस. धुर्वे, श्री डी.पी. बर्मन, संयुक्त कलेक्टर मायाराम कोल, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उपस्थित रहे।

### सीएम हेल्पलाइन और लोक सेवा प्रकरणों पर सख्ती

बैठक में सर्वप्रथम सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा की गई। इस दौरान 50 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए। जो शिकायतें एल-1 स्तर पर नॉट अटेंडेड पाई गईं, उनके एल-1 अधिकारियों का आधे दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। जिला कोषालय अधिकारी को निर्देशित किया गया कि फ्नॉट अटेंडेडफ्न शिकायतों वाले अधिकारियों का आधे दिन का वेतन काटे जाने के बाद ही शेष वेतन आहरित किया जाए। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही चेतावनी दी गई कि समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण नहीं होने पर जिम्मेदार अधिकारियों पर जुर्माना लगाया जाएगा।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उनके अधीनस्थ समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति सार्थक ऐप के माध्यम से दर्ज की जाए और उसी के आधार पर वेतन आहरित किया जाए। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को निर्देश दिए गए कि आहार अनुदान योजना के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति की सभी महिलाओं को अनुदान राशि दिलाना सुनिश्चित करें। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक को निर्देशित किया गया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित युवाओं को बैंक से ऋण दिलाकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ा जाए।

### कृषि, उद्यान और श्रम विभाग को कार्रवाई के निर्देश

बैठक में सहायक संचालक उद्यान को निर्देशित किया गया कि लांजी विकासखंड के अंतर्गत अमेडा नर्सरी का उचित संधारण नहीं होने के कारण वहां के प्रभारी अधिकारी पर कार्रवाई हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करें। उपसंचालक कृषि को निर्देश दिए गए कि जिले के सभी कृषि फार्मों में जिले के औसत उत्पादन के अनुसार फसल उत्पादन सुनिश्चित किया जाए। जिन फार्मों में जिले के औसत से कम उत्पादन पाया गया है, उनके प्रभारियों के विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जाए। जिला श्रम पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिले के विभिन्न स्थानों पर चल रहे निर्माण कार्यों एवं वहां कार्यरत श्रमिकों की मैपिंग कर उनका श्रमयोगी मानधन योजना में पंजीयन कराया जाए तथा संबंधित ठेकेदारों से अंशदान जमा कराया जाए। श्रमयोगी मानधन योजना के पंजीयन एवं अन्य कार्यों में लापरवाही बरतने के कारण बैहर एवं बिरसा के श्रम निरीक्षक दीपक डहरवाल पर कार्रवाई प्रस्तावित करने के निर्देश दिए गए।

### रेन वाटर हार्वेस्टिंग और जल संरक्षण पर जोर

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगरीय निकायों, महिला एवं बाल विकास विभाग, जन अभियान परिषद, स्कूल शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभाग को रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जिले के सभी सांदीपनि विद्यालयों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करने के निर्देश भी दिए गए।

### जनगणना और स्वच्छता सर्वेक्षण की समीक्षा

जनगणना-2027 के कार्यों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने सभी चार्ज अधिकारियों को अपने क्षेत्र में मकान सूचीकरण का कार्य निर्धारित समय-सीमा में शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को स्वच्छता सर्वेक्षण पर विशेष ध्यान देने तथा अपनी

# भीषण गर्मी के दौर में पेयजल पर पहरा ?

## गाड़िया अड़ाकर, वाटरकूलर पहुच मार्ग को किया गया बंद

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। भीषण गर्मी के इस दौर में जहां लोगों को ठंडे पेयजल की सबसे अधिक आवश्यकता होती है,वही जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर परिसर में पेयजल व्यवस्था ही लोगों की परेशानी का कारण बन गई है।जहां जिम्मेदारो की उदासीनता के चलते ट्रामा में भर्ती मरीजों के परिजनों को ठंडा पानी लेने के लिए वाटरकूलर तक पहुचने में काफी जद्दोजहद का सामना करना पड़ रहा है।दरअसल ट्रामा सेंटर में गेट के पास लगाए गए वाटरकूलर तक पहुंचने वाले मार्ग पर 3-3 चौपहिया वाहन खड़े कर रास्ता ही रोक दिया गया हैं।जिससे वहां तक पहुंचना मुश्किल हो गया है।हैरानी की बात तो यहा है कि वाटरकूलर पहुच मार्ग पर किसी और के चौपहिया वाहन नही, बल्कि सरकारी वाहन खड़े किए गए है।जिसमे 2 एम्बुलेंस वाहनों का भी शमावेश है।परेशानी यहां तक ही सीमित नही है बल्कि ट्रामा सेंटर परिसर गेट के समीप बनी पानी निकासी की नाली भी चोक हो चोक हो चुकी है। पिछले तीन माह से नाली की साफ सफाई न होने के चलते जाम हुई नाली का पानी, ट्रामा सेंटर परिसर में बह रहा है जिससे जहां एक को परिसर दुर्गंध से सराबोर है, तो वहीं दूसरी ओर संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। जिस पर अब तक जिम्मेदारो द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया है। जिसके चलते ट्रामा सेंटर में भर्ती मरीज और उनके परिजन काफी परेशान है।जिन्होंने अस्पताल प्रबंधन से पेयजल के लिए वाटरकूलर तक जाने वाले पहुंच मार्ग पर खड़ी की गई गाड़ियों को हटवाने और दुर्गंध मार रही नालियों की साफ सफाई कराकर व्यवस्थाओं में सुधार किए जाने की मांग की है

### सरकारी गाड़िया अड़ाकर, बंद किया गया मार्ग, पानी लेने में हो रही परेशानी

बताया गया कि गर्मी के इस दौर में ट्रामा सेंटर परिसर में लगा वाटरकूलर मरीजों और उनके साथ आए लोगों के लिए बड़ी राहत है, लेकिन अब उसके सामने वाहनों की कतार खड़ी रहने से रास्ता पूरी तरह बाधित हो गया है। गर्मी से परेशान लोग पानी लेने के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। वाटर कूलर तक पहुंच मार्ग बंद हो जाने के चलते कोई ट्रामा सेंटर परिसर स्थित कैंटीन से गर्म पानी भरने के लिए मजबूर है, तो कोई जिला अस्पताल जाकर वहां के वाटर कूलर से ठंडा पानी भरकर लाने को मजबूर हो रहा है। इसके अलावा वाहन खड़े होने से वहां का वाटर कूलर कई लोगों को दिखाई नहीं दे रहा है। जिसके चलते कई लोग 20 की ठंडी पानी की




बोतल खरीदकर अपनी प्यास बुझाने के लिए मजबूर हैं। हैरत की बात तो यहां है कि यहां वाटर कूलर पहुंच मार्ग पर खड़े किए गए चौपहिया वाहन किसी आम नागरिकों के नहीं है। बल्कि सरकारी वाहन अड़ाकर वाटरकूलर तक जाने वाले पहुंच मार्ग को बंद किया गया है। इसमें जहां एक प्रशासनिक सेवा में संलग्न बुलेरो वाहन है, तो वहीं दो एंबुलेंस वाहनों को भी वाटर कूलर पहुंच मार्ग पर खड़ा कर उक्त मार्ग को बंद किया गया है। इसमें वाहन क्रमांक एमपी 50 टी 1102, एंबुलेंस वाहन क्रमांक सीजी 04 एनयू 7427 और एंबुलेंस वाहन क्रमांक सीजी 04 एनयू 7432 वाहन का समावेश है। जिन्हें तत्काल हटाने की मांग मरीजो के परिजनों द्वारा की गई है

### चोक नाली से बह रहा गंदा पानी

ट्रामा सेंटर परिसर की अव्यवस्थाएं यहीं खत्म नहीं होतीं।बल्कि ट्रामा सेंटर की नाली पिछले करीब तीन माह से जाम पड़ी हुई है।जिससे नाली का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर परिसर में बह रहा है, जिससे चारों ओर बदबू फैल रही है।जिससे मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।ट्रामा परिसर में खड़े कुछ लोगो ने बताला की कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक नाली की सफाई नहीं कराई गई। गर्मी के मौसम में गंदे पानी और बदबू के कारण संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। अस्पताल जैसे संवेदनशील परिसर में इस तरह की लापरवाही लोगों की चिंता बढ़ा रही है।

### संक्रमण फैलने का खतरा

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि अस्पताल परिसर में गंदगी और रुका हुआ पानी, मच्छरों एवं बैक्टीरिया को बढ़ावा देता है। इससे मरीजों के साथ-साथ उनके परिजनों पर भी संक्रमण का खतरा मंडरा रहा है।ट्रामा सेंटर में पहले से गंभीर मरीज भर्ती रहते हैं, ऐसे में साफ-सफाई और स्वच्छ पेयजल व्यवस्था बेहद जरूरी मानी जाती है।

### लोगों ने जताई नाराजगी

अस्पताल पहुंचे लोगों ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि एक ओर सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के दावे करती है, वहीं दूसरी ओर जिला अस्पताल में मूलभूत सुविधाएं भी प्रभावित हो रही हैं। लोगों ने वाटरकूलर तक पहुंच का रास्ता खाली कराने, नियमित सफाई कराने और नाली की तत्काल साफ सफाई कराकर पानी निकासी व्यवस्था बनाए जाने की मांग की है।

### वाटर कूलर से पानी लाने में हो रही परेशानी- आनंद

ठंडे पानी के लिए इधर से उधर भटक रहे मरीज के परिजन श्री आनंद बताया कि वह पानी लेने के लिए कैंटीन में लगे नल में गए थे, बोतल भरे लेकिन वहां बहुत गर्म पानी आ रहा था, इसीलिए ठंडा पानी लाने वे जिला अस्पताल के वाटर कूलर में जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यहां गेट के पास दो-दो वाटर कूलर लगे हैं लेकिन पहुंच मार्ग पर अस्पताल वालों ने 3 -3 चौपहिया वाहन अड़ा कर रख दिए हैं, जिससे वाटर कूलर तक पहुंचने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### पिछले 3 माह से नहीं हुई चोक नाली की सफाई- माधुरी पांडे

वही कैंटीन कर्मचारी माधुरी पांडे ने बताया कि लोग कैंटीन में लगे नल से पानी भरकर लेकर जाते हैं,कैंटीन के बाजू में वाटर कूलर है, लेकिन वहां लोग कपड़े धोते हैं बर्तन धोकर खाद्य सामग्री वहीं फेंक देते हैं, जिससे नाली जाम हो गई है, पिछले तीन महीनो से नाली की साफ सफाई नहीं हुई है।अभी वाटर कूलर पहुंच मार्ग पर अस्पताल वालों ने गाड़ी लगा दिए हैं जिससे लोग वाटर कूलर तक नहीं पहुंच पा रहे हैं।वही पिछले 3 महीनो से नाली की साफ सफाई नहीं होने से पूरे परिसर में बदबू फैल रही है।

### हमने टीएल की बैठक में कलेक्टर से भी शिकायत की है- निलय जैन

मामले को लेकर दुरभाष पर की गई चर्चा के दौरान जिला अस्पताल सिविल सर्जन डॉ निलय जैन ने भी स्थिति को गंभीर बताया है।उन्होंने बताया कि नगर पालिका को कई बार नाली की साफ सफाई के लिए अवगत कराया गया, लेकिन अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि आज कलेक्टर कार्यालय में टीएल की बैठक थी, उस बैठक में भी हमने कलेक्टर साहब से शिकायत की है की मुख्य नगर पालिका अधिकारी हमारी इस समस्या और आवेदन निवेदन पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। नालियों की साफ सफाई करने की जिम्मेदारी नगर पालिका की है लेकिन ध्यान नहीं दिए जाने के चलते यहां नालियों की सफाई नहीं हो रही है, जिससे नाली चोक हो गई है।जिसके कारण नाली का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर परिसर में बह रहा है। उन्होंने आगे बताया कि वाटर कूलर पहुंच मार्ग पर खड़े करके रखे गए हैं वाहनों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए जाएंगे, ताकि यहां पहुंचने वाले मरीज और उनके परिजनों को वाटर कूलर से ठंडा पानी लेने में कोई परेशानी ना हो, जल्द ही दोनों व्यवस्था बना दी जाएगी।

**मकान बेचना है**
17×44 एरिया में निर्मित डबल स्टोरी सेमी फर्निश्ड बोरिंग सहित पूर्वमुखी मकान बेचना है
वार्ड नं. 6 चित्रगुप्त नगर, बालाघाट
9244108543

**आवश्यकता है**
होटल कान्हा में काम करने वाले लड़के की आवश्यकता है
अनुभवी को प्राथमिकता
9993282223
9425139875

**किराये पर उपलब्ध**
धनराज कॉम्पलेक्स बालाघाट में प्रथम तल पर दुकानें किराये पर देना है।
महेन्द्र सुराना 94251 38670
ललित बाघरेचा 9424765679

**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध**
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# पूर्वाटोला, टेकरी में अनुसूचित जाति वर्ग के कई नाम प्रधानमंत्री आवास सूची में नहीं

**पद्मेश न्यूज। लांजी।**

जनपद क्षेत्र लांजी अंतर्गत ग्राम पंचायत पूर्वाटोला और टेकरी के उन गरीब एवं पात्र परिवारों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है, जो वर्षों से प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ का इंतजार कर रहे थे। लंबे समय तक तकनीकी खामियों, अपूर्ण सूचियों और प्रशासनिक विसंगतियों के कारण योजना से वंचित रहे परिवारों में अब वर्ष 2024 के नए आवास सर्वेक्षण ने नई उम्मीद जगा दी है। प्रशासनिक अधिकारियों के हालिया दौरे के बाद ग्रामीणों को भरोसा है कि अब उनका पक्के घर का सपना जल्द साकार हो सकेगा। जानकारी के अनुसार वर्ष 2016 में 2011 की सामाजिक-आर्थिक जनगणना के आधार पर प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची तैयार की गई थी। उस समय ग्राम पंचायत पूर्वाटोला के अनुसूचित जाति वर्ग के कई पात्र परिवारों के नाम सूची में शामिल ही नहीं किए गए। ग्रामीणों का आरोप है कि वास्तविक जरूरतमंद परिवारों को नजरअंदाज कर दिया गया, जिससे उन्हें वर्षों तक योजना का लाभ नहीं मिल सका। इस मामले को लेकर ग्रामीणों द्वारा लगातार मांग और शिकायतें भी की गईं। इसके बाद वर्ष 2018-19 में आवास प्लस अभियान के माध्यम से छूटे हुए नाम जोड़ने की प्रक्रिया शुरू हुई, लेकिन तकनीकी त्रुटियों और पोर्टल संबंधी समस्याओं के



कारण अधिकांश नाम रिजेक्ट श्रेणी में चले गए। परिणामस्वरूप पात्र परिवार आज तक कच्चे और जर्जर मकानों में जीवनयापन करने को मजबूर हैं। सिर्फ पूर्वाटोला ही नहीं, बल्कि ग्राम पंचायत टेकरी के भी कई परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ पाने से वंचित हैं। वर्तमान में दोनों पंचायतों के करीब दो दर्जन परिवार ऐसे बताए जा रहे हैं, जिनके पास आज भी रहने के लिए पक्का मकान नहीं है। बारिश और गर्मी के मौसम में इन परिवारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### 2024 के नए सर्वेक्षण से बढ़ी उम्मीद

हाल ही में हुए वर्ष 2024 के आवास सर्वेक्षण में स्थिति में सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है। इस बार उन सभी पात्र अनुसूचित जाति परिवारों के नाम सूची में शामिल किए गए हैं, जो पिछले कई वर्षों से योजना के दायरे से बाहर थे। ग्रामीणों का कहना है कि पहली बार सर्वेक्षण में वास्तविक स्थिति को गंभीरता से दर्ज किया गया है। प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक, नए सर्वे के आधार पर पात्र हितग्राहियों को आगामी चरण में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलने की पूरी संभावना है। इससे वर्षों से पक्के घर की आस लगाए बैठे परिवारों में उत्साह का माहौल है। इसी तारतम्य में सोमवार 11 मई को जनपद पंचायत सीईओ अमित सिंघई ने पूर्वाटोला और टेकरी क्षेत्र का दौरा कर जमीनी स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ आवास प्रभारी राजू हरिद्रवार, जनपद पंचायत सभापति दिनेश लाड़े, ग्राम पंचायत पूर्वाटोला के सरपंच गणेश बागड़े सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पात्र परिवारों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा आश्वस्त किया कि किसी भी पात्र हितग्राही को योजना से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। प्रशासन द्वारा पात्र परिवारों को जल्द से जल्द लाभ दिलाने की दिशा में प्रक्रिया तेज करने की बात कही गई है।

# बैंक के सामने सड़क पर वाहनों का कब्जा

## नगर परिषद की चेतावनी भी बेअसर

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** नगर के लांजी-भिलाई मार्ग स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की लांजी शाखा के सामने पार्किंग को लेकर समस्या पिछले कुछ वर्षों से लगातार बनी हुई है जो इन दिनों चरम पर पहुंच चुकी है। बैंक खुलते ही सड़क किनारे सैकड़ों दोपहिया और चारपहिया वाहनों की कतार लग जाती है, जिससे मुख्य मार्ग पर दिनभर जाम जैसे हालात बने रहते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि लगातार शिकायतों, खबरों के प्रकाशन और नगर परिषद के नोटिस के बावजूद बैंक प्रबंधन के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि आम राहगीरों, स्कूली बच्चों और अन्य वाहन चालकों को रोजाना भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर बेतरतीब




खड़े वाहनों के कारण कई बार दुर्घटना की स्थिति भी बन जाती है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पिछले कई वर्षों से यह समस्या लगातार बनी हुई है। समाचार पत्रों और विभिन्न न्यूज चैनलों में कई बार प्रमुखता से खबरें प्रकाशित और प्रसारित हुईं, मगर न बैंक प्रबंधन ने कोई व्यवस्था बनाई और न ही नगर प्रशासन ने सख्ती दिखाई। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद नगर परिषद लांजी ने बैंक शाखा को नोटिस भी जारी किया था, लेकिन नोटिस महज कागजी कार्रवाई बनकर रह गया। स्थिति आज भी जस की तस बनी हुई है और बैंक परिसर के बाहर सड़क पर वाहनों का अतिक्रमण खुलेआम जारी है। लोगों का आरोप है कि यदि यही स्थिति किसी छोटे दुकानदार या आम नागरिक के कारण बनी होती तो प्रशासन तत्काल चालानी कार्रवाई कर देता, लेकिन बड़े संस्थान के मामले में जिम्मेदार अधिकारी नरमी बरत रहे हैं। नगरवासियों ने मांग की है कि बैंक परिसर के बाहर तत्काल व्यवस्थित पार्किंग बनाई जाए और सड़क पर अवैध रूप से खड़े वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके और यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके।

# सूखे कुएं में गिरे तीन जंगली सुअर, वन विभाग की टीम ने चलाया रेस्क्यू अभियान

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत कटंगी में रविवार शाम उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब एक खेत के सूखे कुएं में तीन जंगली सुअर गिर गए। घटना शाम लगभग 6:30 बजे की बताई जा रही है। खेत मालिक भोजेंद्र पिता सालिक नारनौरे के खेत में स्थित पुराने सूखे कुएं में अचानक तीनों जंगली सुअर गिर पड़े। कुएं से जानवरों की आवाजें सुनाई देने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अंदर झांककर देखा तो तीन जंगली सुअर कुएं में फंसे हुए दिखाई दिए। घटना की जानकारी तत्काल पुलिस थाना लांजी को दी गई, जिसके बाद 112 डायल की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा स्थिति का जायजा लेने के बाद वन विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की रेस्क्यू टीम आवश्यक उपकरणों के साथ घटनास्थल पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया गया। बताया जा रहा है कि कुआं काफी गहरा और लंबे समय से सूखा पड़ा हुआ है, जिससे रेस्क्यू कार्य में कठिनाई आ रही थी। वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा रस्सियों एवं अन्य साधनों की सहायता से जंगली सुअरों को सुरक्षित बाहर निकालने का प्रयास किया जा रहा था। रेस्क्यू के दौरान सुअर काफी घबराए हुए नजर आए, जिससे टीम को अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ी। घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। ग्रामीणों ने भी बचाव कार्य में वन विभाग का सहयोग किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में पानी और भोजन की तलाश में जंगली जानवर अक्सर गांव की ओर आ जाते हैं, जिसके चलते इस प्रकार की घटनाएं सामने आती रहती हैं। वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की है कि खेतों एवं खुले पड़े पुराने कुओं के आसपास सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि भविष्य में वन्यजीवों के साथ इस प्रकार की घटनाएं न हों। समाचार लिखे जाने तक वन विभाग का रेस्क्यू अभियान जारी था और तीनों जंगली सुअरों को सुरक्षित बाहर निकालने के प्रयास किए जा रहे थे।



# उपमंडी लांजी में अवैध परिवहन के फिर बने 3 प्रकरण, 24,510 रुपये की दंडात्मक मंडी शुल्क वसूल

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** मंडी अधिकारियों की सख्ती से अवैध परिवहन करने वालों की फिर पोल खुल गई है। उपमंडी लांजी में तीन दिनों में तीन अलग-अलग वाहनों से बिना अनुज्ञापत्र के कृषि उपज ले जा रहे व्यापारियों पर पांच गुना की कार्यवाही करते हुए कुल 24,510 रुपये की दंडात्मक मंडी शुल्क वसूल किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गोपाल सोनी (भारसाधक अधिकारी मंडी बालाघाट) और कृषि उपज मंडी समिति बालाघाट के सचिव भानेश्वर प्रसाद तुरकर के निर्देशन में तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लांजी कमलचंद्र सिंहसार के मार्गदर्शन में मंडी निरीक्षक वासुदेव बढ़ई और सहायक उप निरीक्षक नेलचंद बारबुदे की टीम ने डुडवा घाट क्षेत्र में सघन निरीक्षण अभियान चलाया। तीन वाहनों के विरुद्ध बिना मंडी अनुज्ञापत्र पाए जाने पर कार्रवाई की जिसमें 9 मई 2026 को वाहन क्रमांक MP50ZJ44710 में भागवत नागपुरे बोरी से आमगांव (महाराष्ट्र) की ओर 22 क्विंटल धान ले जा रहे थे। बिना मंडी अनुज्ञापत्र पाए जाने पर पांच गुना दंड स्वरूप 5,640 रुपये वसूल किए गए।



10 मई 2026 को वाहन क्रमांक MH49BZ5624 में खंडेलवाल ब्रदर्स पिपरवानी से रायपुर (छत्तीसगढ़) की ओर 74 क्विंटल महुआ ले जा रहे थे। टीम ने मौके पर पकड़कर 14,950 रुपये दंडात्मक मंडी शुल्क जमा कराया।

11 मई 2026 को वाहन क्रमांक MH35ZJ0417 में रोहित ठाकरे कोद्रिकला से बिरसोला (महाराष्ट्र) की ओर 16 क्विंटल धान ले जा रहे थे। बिना अनुज्ञापत्र के परिवहन पर 3,920 रुपये की राशि वसूल की गई।

तीनों मामलों में वाहनों को मौके पर रोका गया और अनुज्ञापत्र न मिलने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की गई। कुल 24,510 रुपये की राशि सरकारी खजाने में जमा कर दी गई है।

मंडी अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि अवैध परिवहन पर यह अभियान लगातार जारी रहेगा। अधिकारियों ने सभी व्यापारियों और किसानों से अपील की है कि अधिसूचित कृषि उपजों (धान, महुआ आदि) का परिवहन बिना मंडी अनुज्ञापत्र/बिल के बिल्कुल न करें। ऐसा करने पर न सिर्फ पांच गुना जुर्माना लगेगा, बल्कि अन्य कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है।

# पराली प्रबंधन को लेकर प्रशासन सख्त

## हार्वेस्टर मालिकों को स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम लगाने के निर्देश

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** अनुविभागीय राजस्व अधिकारी कमलचंद सिंहसार की अध्यक्षता में सोमवार को अनुविभागीय कृषि अधिकारी लांजी के कार्यालय में हार्वेस्टर प्रभारी एवं मालिकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्यावरण मंत्रालय के आदेश का हवाला देते हुए सभी हार्वेस्टरों में स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम (SMS) अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में अनुविभागीय कृषि अधिकारी लांजी खुदीराम सनोडिया, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कुलदीप गणवीर, कृषि विस्तार अधिकारी अमित नारनौरे सहित बड़ी संख्या में हार्वेस्टर प्रभारी एवं मालिक मौजूद रहे।

### अधिकारियों का सख्त रुख

अनुविभागीय राजस्व अधिकारी कमलचंद सिंहसार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार हार्वेस्टर के पीछे स्ट्रॉ (पराली) प्रबंधन यंत्र लगा होना अनिवार्य है। सभी हार्वेस्टर प्रभारी एवं मालिकों को कृषि विभाग में पंजीयन कराने के भी निर्देश दिए गए।

उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा, SMS सिस्टम न लगाने की स्थिति में की जाने वाली कार्यवाही के लिए आप स्वयं जिम्मेदार रहेंगे।



### हार्वेस्टर मालिकों की दिक्कत

हार्वेस्टर प्रभारी एवं मालिकों ने बैठक में समस्या बताते हुए कहा कि स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम (SMS) पंजाब से मंगवाने में 1 से 1.5 महीने का समय लग जाएगा। उन्होंने इस बात की जानकारी अधिकारियों को दी कि सिस्टम अभी उपलब्ध नहीं है और आने में विलंब हो रहा है।

### कृषि विभाग की पहल

कृषि अधिकारियों ने सभी हार्वेस्टर मालिकों को तुरंत पंजीयन पूरा करने और स्स्म सिस्टम लगाने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पराली प्रबंधन के लिए जिला प्रशासन और कृषि विभाग पूरी तरह गंभीर है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# करेजा की भुवनेश्वरी उमरे सैकड़ों महिलाओं की बनी प्रेरणा

## स्व-सहायता समूहों से जोड़ कर महिलाओं को बना रही आत्मनिर्भर

पद्मेश न्यूज। लांजी। लांजी जनपद के अंतर्गत ग्राम पंचायत दहेगांव के ग्राम करेजा की रहने वाली भुवनेश्वरी उमरे की कहानी संघर्ष, हिम्मत और आत्मनिर्भरता की ऐसी मिसाल है, जो हर ग्रामीण महिला को प्रेरणा देती है। कभी साधारण जीवन जीने वाली भुवनेश्वरी की जिंदगी उस समय पूरी तरह बदल गई, जब उनके 19 वर्षीय बेटे का असमय निधन हो गया। बेटे को खोने के बाद वे पूरी तरह टूट चुकी थीं। घर में सन्नाटा और मन में गहरी निराशा थी। उन्हें लगने लगा था कि अब जीवन में कुछ नहीं बचा। इसी कठिन समय में उनका जुड़ाव राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से हुआ। समूह की बैठकों और आजीविका से जुड़े कार्यों ने उन्हें फिर से जीने की ताकत दी। उन्होंने खुद को खेती और समाज सेवा के कार्यों में लगाया तथा प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण लिया। धीरे-धीरे उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से गाँव में अलग पहचान बना ली। आज भुवनेश्वरी उमरे कृषि सखी और प्राकृतिक खेती की प्रशिक्षक के रूप में कार्य कर रही हैं। उन्होंने लगभग 250 स्व-सहायता समूहों के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे गाँव-गाँव जाकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और आजीविका से जुड़ने के लिए प्रेरित करती हैं। भुवनेश्वरी नियमित रूप से कृषि पाठशाला और पशु पाठशाला का आयोजन कर किसानों को प्राकृतिक खेती, जैविक खाद और पशुपालन की जानकारी देती हैं। उनके प्रयासों का असर यह है कि अब गाँव के कई किसान प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने स्वयं आटा चक्की का कार्य शुरू किया और महिलाओं को सामूहिक व्यवसाय से भी जोड़ा। आज उनकी वार्षिक आय लगभग ढाई लाख रुपये तक पहुँच चुकी है। लेकिन उनकी सबसे बड़ी सफलता यह है कि जिस माँ ने कभी अपने बेटे को खोने के बाद जीने की उम्मीद छोड़ दी थी, वही आज सैकड़ों महिलाओं और किसानों के लिए नई उम्मीद बन चुकी है। भुवनेश्वरी उमरे कहती हैं कि जीवन के सबसे बड़े दुख ने उन्हें समाज के लिए कुछ करने की ताकत दी। आज जब महिलाएँ आत्मनिर्भर बन रही हैं और किसान प्राकृतिक खेती अपना रहे हैं, तब उन्हें अपने संघर्ष का परिणाम दिखाई देता है।






# सिविल अस्पताल लांजी को मिली बड़ी सौगात, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ की पदस्थापना से अब निर्बाध होंगे सिजेरियन प्रसव

पद्मेश न्यूज। लांजी। सिविल अस्पताल लांजी को स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात मिली है। शासन द्वारा अस्पताल में एनेस्थीसिया विशेषज्ञ की पदस्थापना किए जाने से अब क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को प्रसव संबंधी बेहतर और त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अक्षय कुमार उपराडे ने जानकारी देते हुए बताया कि सिविल अस्पताल लांजी के अंतर्गत आने वाले अनेक ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मरीज उपचार एवं प्रसव के लिए यहां पहुंचते हैं। ऐसे में लंबे समय से एनेस्थीसिया विशेषज्ञ की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। शासन ने इस आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए डॉ. महेंक मेश्राम, एमबीबीएस, एमडी एनेस्थीसिया की पदस्थापना शासकीय अस्पताल लांजी में की है। उन्होंने बताया कि पूर्व में अस्पताल में सिजेरियन प्रसव स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रजनी शेंडे द्वारा किए जाते थे, लेकिन एनेस्थीसिया विशेषज्ञ उपलब्ध नहीं होने के कारण जिला स्तर से विशेषज्ञ चिकित्सक बुलाने पड़ते थे। इससे कई बार मरीजों और परिजनों को इंतजार एवं परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब डॉ. महेंक मेश्राम की पदस्थापना होने से सिजेरियन प्रसव सेवाएं नियमित और निर्बाध रूप से संचालित हो सकेंगी। साथ ही आकस्मिक परिस्थितियों में भी गर्भवती महिलाओं का सुरक्षित प्रसव सिविल अस्पताल लांजी में ही संभव हो सकेगा, जिससे जिला अस्पताल रेफर करने की आवश्यकता कम होगी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालाघाट के निर्देशन में सिविल अस्पताल लांजी में लगातार स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ने से अब क्षेत्रीय लोगों का शासकीय अस्पताल के प्रति विश्वास भी मजबूत हो रहा है।

लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड)
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# अगली मोहन कैबिनेट में आएगी तबादला नीति

## मंत्री शाह ने कहा- स्वैच्छिक स्थानांतरण में लिमिट तय न हो, सीएम बोले- विचार करेंगे

भोपाल। प्रदेश में कर्मचारियों के तबादले पर बैन हटाने का फैसला अगले सोमवार को होगा। मुख्यमंत्री ने तबादले पर बैन हटाने के लिए सामान्य प्रशासन विभाग को अगली कैबिनेट में प्रस्ताव लाने को कहा है।

इस बीच जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह ने कहा है कि जो तबादला नीति आए उसमें स्वैच्छिक आधार पर किए जाने वाले तबादलों की लिमिट न रखी जाए ताकि जो लोग तबादला कराना चाहते हैं वे करा सकें। कई अन्य मंत्रियों ने मंत्री शाह की बात का समर्थन किया है। इस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इस पर विचार करेंगे। साथ ही अगली बैठक में तबादला नीति लाने के लिए कहा गया।

सोमवार को मोहन कैबिनेट की बैठक में अनौपचारिक संवाद के दौरान तबादला नीति को लेकर चर्चा में यह बातें आई हैं। मंत्री चैतन्य काश्यप ने कैबिनेट ब्रीफिंग के दौरान सिर्फ इतना ही कहा है कि जब नीति जारी हो जाएगी तो जानकारी देंगे।

पिछली कैबिनेट बैठक के दौरान भी तबादला नीति को लेकर बैठक में अनौपचारिक चर्चा हुई थी। तब मंत्रियों ने कहा था कि प्रशासकीय और स्वैच्छिक आधार पर तबादले को न जोड़ा जाए क्योंकि ऐसे में कोटा फिक्स हो जाता है और विधायकों की नाराजगी का सामना मंत्रियों को करना पड़ता है।



### पीएम मोदी की अपील पर अमल करें लोग

कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए मंत्री चैतन्य काश्यप ने कहा कि सीएम ने प्रदेश के लोगों से अपील की है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक साल तक गोल्ड न खरीदने और पेट्रोल डीजल की खपत कम करने के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करने पर जोर दें।

उन्होंने यह भी कहा कि विदेश जाने से बचें ताकि पीएम मोदी की अपील को सफल बनाया जा सके। हालांकि जब मंत्री काश्यप से मंत्रियों के काफिले में शामिल होने वाले वाहनों को लेकर मीडिया ने सवाल किया तो वे सटीक जवाब न दे सके।

### राज्य मंत्री स्वेच्छानुदान में 25 हजार रुपए दे सकेंगे

मंत्री काश्यप ने बताया कि सरकार ने कैबिनेट मंत्रियों के लिए स्वेच्छानुदान के रूप में एक साल में एक व्यक्ति को दी जाने वाली राशि 40 हजार रुपए कर दी थी लेकिन राज्यमंत्रियों के लिए यह राशि नहीं बढ़ाई गई थी। अभी तक राज्यमंत्रियों को एक व्यक्ति को एक साल में 16 हजार रुपए देने की पात्रता थी जिसे बढ़ाकर अब 25 हजार रुपए कर दिया गया है। यानी एक व्यक्ति को राज्यमंत्री सालभर में एक बार 25 हजार रुपए स्वेच्छानुदान के रूप में दे सकेंगे।

### डामर के रेट में डिफरेंस बढ़ा सकेंगे

मंत्री काश्यप ने बताया कि वैश्विक संकट के चलते बिटुमिन यानी डामर के रेट बढ़े हैं। ऐसे में प्रदेश में बारिश के पहले मरम्मत और निर्माण के दायरे में आने वाली सड़कों के लिए डामर की दिक्कत हो रही है। इसे देखते हुए कैबिनेट ने तय किया है कि वैश्विक संकट के चलते बढ़े दामों के बाद पहले से तय बिटुमिन के रेट के अंतर की राशि बढ़ाई जा सकेगी।

इसके लिए सरकार ने दस करोड़ तक की सड़क परियोजनाओं के मामले में इस डिफरेंस राशि को मंजूरी देने का फैसला किया है। विभाग के अफसरों की मानें तो हर जिले में औसत दस सड़कों का निर्माण दस करोड़ से कम लागत वाली सड़कों में शामिल है। इसलिए ऐसे सड़कों की संख्या पांच सौ से अधिक ही होने का अनुमान है।

लोक निर्माण विभाग की ओर से शहरी एवं नगरीय मार्गों के नव निर्माण, उन्नयन और सड़कों के सुदृढ़ीकरण संबंधी योजनाओं को 16वें वित्त आयोग की अवधि तक जारी रखने का प्रस्ताव मंजूर किया गया।

### 29540 करोड़ की योजनाओं को जारी रखने का फैसला

मंत्री काश्यप ने कहा कि कैबिनेट बैठक में वित्त, जल संसाधन, लोक निर्माण, विधि, स्वास्थ्य एवं सामाजिक न्याय सहित कई विभागों के महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा कर निर्णय लिया गया। इस बैठक में लोक वित्त पोषित योजनाओं और परियोजनाओं के लिए 16वें केंद्रीय वित्त आयोग की अवधि (1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031) तक निरंतरता की स्वीकृति देने संबंधी प्रस्ताव प्रमुख हैं। इसके तहत 500 करोड़ रुपये से अधिक और कम लागत वाली विभिन्न योजनाओं को जारी रखने पर विचार किया गया है और कुल 29540 करोड़ रुपए की अलग अलग विभागों की योजनाओं को जारी रखने का फैसला किया गया है।

### कैबिनेट में इन मुद्दों को भी दी गई मंजूरी

जल संसाधन विभाग की ओर से खुमानसिंह शिवाजी जलाशय (टिकरिया तालाब) सूक्ष्म सिंचाई परियोजना की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। 163 करोड़ रुपए की लागत वाली इस परियोजना में 6500 किसानों को सिंचाई का लाभ मिलेगा। इसके अलावा विभागीय अधिकारियों के खिलाफ पेंशन नियमों के अंतर्गत विभागीय जांच से जुड़े मामलों को स्वीकृति दी गई।

विधि एवं विधायी कार्य विभाग ने जबलपुर स्थित उच्च न्यायालय परिसर में मल्टीलेवल वाहन पार्किंग और बार ऑफिस निर्माण परियोजना को सूचकांक गणना से मुक्त रखने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है।

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना को निरंतर जारी रखने का प्रस्ताव मंजूर किया गया है।

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से बुधनी में नवीन चिकित्सा महाविद्यालय, संबद्ध अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज एवं पैरामेडिकल कॉलेज की स्थापना की पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। पहले इसकी लागत 714 करोड़ रुपए थी जो अब 763 करोड़ तक पहुंच गई है। इसे कैबिनेट ने मंजूरी दी है।

# इंदौर पुलिस की बहादुरी और मुस्तैदी से टला बड़ा हादसा

### - एमआर-3 रोड पर गैस टंकी में लगी आग, पुलिस ने तत्काल पाया काबू

भोपाल/इंदौर। प्रदेश में आमजन की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा निरंतर गश्त एवं पेट्रोलिंग की जा रही है। इसी क्रम में इंदौर पुलिस की सतर्कता, त्वरित कार्रवाई और साहस का एक सराहनीय उदाहरण सामने आया है, जहां पुलिस जवानों की सूझबूझ से एक संभावित बड़ा हादसा टल गया। विभाग द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार रविवार 10 मई को अलसुबह पैट्रौलिंग के दौरान थाना लसूड़िया इलाके में आने वाले एमआर-3 रोड स्थित सनसिटी के पास एक गैस टंकी में आग लगने की सूचना पुलिस टीम को मिली। घटना स्थल रहवासी क्षेत्र के बीच स्थित होने तथा आसपास गैस लाइन मौजूद होने के कारण क्षेत्र में दहशत फैल गई थी। रहवासी इस बात से काफी डरे हुए थे की यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया गया तो बड़ा विस्फोट हो सकता है, जिससे गंभीर जनहानि की संभावना बन सकती थी। वहीं खबर मिलते ही गश्त में तैनात एसीपी हीरानगर रूबीना मिजवानी, थाना लसूड़िया एवं विजय नगर की एफआरवी टीम तथा बीट महालक्ष्मी नगर के पुलिस जवान फौरन ही मौके पर पहुंचे। हादसे की गंभीरता को देखते हुए एसीपी द्वारा फौरन ही प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पुलिस जवानों ने साहस ओर सूझबूझ दिखाते हुए बिना एक पल गंवाए आग बुझाने के प्रयास शुरु कर दिये। जोखिमपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद पुलिस टीम ने गैस टंकी में लगी आग पर सफलतापूर्वक काबू पा लिया और संभावित बड़े हादसे को टाल दिया। बताया गया है कि एक खाली प्लॉट में एक गुमटी के पास रखी गैस टंकी में आग लग गई थी, जिसकी चपेट में आने से वहां मौजूद भगवान सिंह पिता समर सिंह (50) निवासी सरस्वती नगर, इंदौर आंशिक रूप से झुलस गए। पुलिस टीम ने घायल व्यक्ति को भी तत्काल इलाज के लिये अस्पताल पहुंचाया। इंदौर पुलिस की त्वरित कार्रवाई से आसपास के रहवासियों ने राहत की सांस लेते हुए मौके पर पहुचें पुलिस अधिकारियों और जवानों की प्रशंसा भी की।

## 13 मई को लाडली बहनों के खाते में आएंगे 1500 रुपये

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 मई को नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव से 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना' की 36वीं किस्त जारी करेंगे। प्रदेश की एक करोड़ 25 लाख 22 हजार 542 लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 1,835 करोड़ 67 लाख 29 हजार 250 रुपये की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की जाएगी। जून 2023 में शुरू की गई इस महत्वाकांक्षी लाड़ली बहना योजना में अप्रैल 2026 तक 35 मासिक किस्तों का सफलतापूर्वक अंतरण किया जा चुका है।

## उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करें राज्य सरकार- पांडे

भोपाल । मध्य प्रदेश की उच्च न्यायालय ने प्रदेश के संविदा कर्मचारियों और आउटसोर्स कर्मचारी एवं अंशकालीन कर्मचारी के संबंध में आदेश जारी करा है कि 10 साल की सेवा पूर्ण कर चुके उक्त संवर्ग के कर्मचारियों को तत्काल नियमित न्यूनतम वेतन मान का लाभ दिया जाए तथा सरकारी कर्मचारियों के समान सुविधा का लाभ दिया जाए राज सरकार उक्त संवर्ग के कर्मचारियों को नियमित न्यूनतम वेतनमान एवं नियमित कर्मचारियों के लाभ के समान अन्य लाभ से उक्त कर्मचारियों को वंचित नहीं रह सकती रख सकती मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मांग करी है कि मध्य प्रदेश की राज्य सरकार उच्च न्यायालय के आदेश को तत्काल संज्ञान में लेकर लागू करें जिससे प्रदेश के 5 लाख कर्मचारियों को उच्च न्यायालय के आदेश का लाभ हो सके और न्याय मिल सके। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि देश की सर्वोच्च न्यायालय के पांच जस्टिसों की बेंच ने 10 अप्रैल 2006 को देश की सभी राज्य सरकारों की दैनिक वेतन भोगी संविदा कर्मचारियों से की संबंधित 212 याचिकाओं को एक करके एक बड़ा फैसला देते हुए आदेश पारित करा था कि दैनिक वेतन भोगी संविदा या अंशकालीन कर्मचारी के रूप में यदि अस्थाई कर्मचारी 10 साल की सेवा पूर्ण कर लेता है तो उसे नियमित किया जाए या नियमित वेतनमान दिया जाए लेकिन सरकार सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को पूर्ण रूप से लागू नहीं कर रही है इसीलिए उच्च न्यायालय को सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को आधार बनाकर बार-बार आदेश पारित करना करना पड़ रहा है मध्य प्रदेश सरकार ने 20 साल का समय निकल जाने के बाद भी सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन पूर्ण रूप से नहीं किया है जिस कारण मध्य प्रदेश सरकार के शासकीय एवं अर्द्ध शासकीय विभागों में 5 लाख से अधिक अस्थाई संविदा कर्मचारी नियमित कारण के लाभ से वंचित है यदि राज सरकार उच्च न्यायालय के वर्तमान आदेश को संज्ञान में लेकर इसका लाभ प्रदेश के संविदा आउटसोर्स दैनिक वेतन भोगी अंशकालीन कर्मचारियों को एक माह में नहीं देगी तो मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच सरकार का ध्यान आकर्षित करने एवं उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करने की मांग को लेकर भोपाल राजधानी में ध्यान आकर्षण आंदोलन करेगा।

## पांच पुलिसकर्मियो के संस्पेंड होने के बाद एक्शन मोड में आई पुलिस

### - देर रात तक शहर के कई इलाको में चलता रहा चैकिंग अभियान

भोपाल। चैकिंग के दौरान लापरवाही बरतने पर भोपाल पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने कड़ा रुख अपनाते हुए टीटी नगर के एक सब इंस्पेक्टर समेत पांच पुलिसकर्मियों के सस्पेंड कर दिया था। पुलिसकर्मियों को सस्पेंड होने के अगले ही दिन भोपाल पुलिस सड़कों पर एक्शन मोड में नजर आई। रविवार रात शहरभर में जगह-जगह बेरिकेडिंग कर चेकिंग शुरू कर दी गई। इस दौरान हेलमेट, तीन सवारी और शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालको के खिलाफ कार्रवाई की गई। चेकिंग के नाम पर देर रात तक वाहन चालकों को रोका जाता रहा। हालांकि, इस सख्ती के दौरान रात में घर लौट रहीं महिलाओं-युवतियों को भी रोककर पूछताछ की गई जिससे उन्हें काफी परेशानी हुई। महिलाओं ने आरोप लगाया कि बार-बार रोककर दस्तावेज चेक किए और लंबे समय तक खड़ा रखा गया। कुछ स्थानो पर 100-100 लोगों को रोकने से दो घंटे से अधिक समय तक जाम लगा रहा और प्रमुख मार्गों पर की गई बेरिकेडिंग से ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित हुई।

# अब खुले जंगल में घूमेंगे और 2 चीते, सीएम डॉ. मोहन यादव बोले- प्रोजेक्ट चीता में रोज कीर्तिमान रच रहा एमपी

### - प्रदेश के मुखिया ने बाड़े से आजाद किए दो मादा चीते
### - अब देश में चीतों की संख्या हुई 57
### - प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सफलता से आगे बढ़ रही चीता परियोजना

भोपाल/श्योपुर। मध्यप्रदेश वाइल्डलाइफ के लिए 11 मई का दिन खास रहा। दो और चीते अपने बाड़े से निकल कर खुले जंगल में पहुंच गए। अब दोनों प्रदेश के साथ-साथ दूसरे राज्यों के इको-सिस्टम को मजबूत करने में सहयोग करेंगे। दरअसल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्योपुर जिले स्थित कूनो नेशनल पार्क पहुंचे। उन्होंने यहां दो मादा चीतों को बाड़े से मुक्त कर दिया। बाड़े से निकलते ही दोनो चीते उछलते-कूदते जंगल की ओर चले गए।

इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती ने चीतों को अंगीकृत कर अपने परिवार का हिस्सा बनाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लगभग साढ़े तीन वर्ष पूर्व कूनो में चीता प्रोजेक्ट की शुरुआत की गई थी। भारत में चीता पुन:स्थापना की यह परियोजना सफलता के साथ आगे बढ़ रही है। चीता पुनर्विस्थापन के इस महत्वपूर्ण कार्य में मध्यप्रदेश नित नए कीर्तिमान रच रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश धर्म, निवेश एवं जैनेटिक जैव विविधता के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है। नामीबिया, दक्षिण अफ्रीका और अब बोत्सवाना से लाए गए चीतों के पुनर्स्थापन को निरंतर सफलता मिल रही है। आज प्रदेश ने देश में चीता स्टेट के रूप में पहचान बनाई है। वर्तमान में चीतों की संख्या 57 है, जिनमें से 54 कूनो नेशनल पार्क में और 03 गांधी सागर अभ्यारण्य में हैं।

### मध्यप्रदेश ने बनाया एक नया इतिहास

भ्रमण के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मीडिया से कहा कि मध्यप्रदेश ने एक नया इतिहास बनाया है। हमने आज कूनो नेशनल पार्क में बोत्सवाना से लाए गए दो मादा चीतों को छोड़ा है। हमने सह-अस्तित्व की भावना प्रकट करते हुए दोनों को खुले जंगल में, खुले वातावरण में प्रकृति के साथ रहने के लिए छोड़ा है। मैं श्योपुर और चंबल के क्षेत्र के



लोगों को बधाई देता हूं। इन चीतों का बसेरा अब 5 हजार किमी में हुआ है। हमारे लिए गौरव की बात है कि अब ये हमारे साथ परिवार की तरह रहने लगे हैं। हमें पता ही नहीं चलता कि कब हमारा चीता दौड़ते-दौड़ते राजस्थान पहुंच जाता है। उन्होंने कहा कि चीते चंबल के इलाकों ग्वालियर-शिवपुरी-राजगढ़ सहित कई इलाकों में दस्तक दे रहे हैं। हमें इन चीतों के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ी सौगात दी है। मैं केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को भी बधाई देता हूं। मैं उन सभी अधिकारियों को बधाई देता हूं, जिन्होंने प्रोजेक्ट चीता के लिए अथक पसीना बहाया है। उन्होंने कहा कि कूनो नेशनल पार्क प्रोजेक्ट चीता का नया रिकॉर्ड बना रहा है। हमारे फॉरेस्ट के अधिकारी, मेडिकल स्टाफ के लोग, यहां के संरक्षक, स्थानीय जनों और चीतों ने एक-दूसरे को परिवार मान लिया है। यह विश्व की अनूठी घटना है। यह फॉरेस्ट विभाग के लिए गौरव की बात है। चीते जीवन बिताने के लिए इस माहौल में ढल गए हैं। यह इको-सिस्टम के लिए अच्छा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को जो चीते मिले थे, धीरे-धीरे हम उनको खुले वातावरण में छोड़ रहे हैं। हम जीयो और जीने-दो के सिद्धांत पर विश्वास करते हैं।

### वाइल्डलाइफ में जुड़ा अहम अध्याय

गौरतलब है कि, इसी साल फरवरी के अंत में बोत्सवाना से 9 नए चीते कूनो नेशनल पार्क लाए गए थे। इनमें 6 मादा और 3 नर शामिल हैं। यहां लाने के बाद इन सभी को क्वारंटीन किया गया था। क्वारंटीन की अवधि पूरी करने के बाद सभी को छोटे बाड़ों में रखा गया। इससे ये स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप ढल गए। इन्हीं 9 में से 2 चीतों को आज खुले जंगल में छोड़ा गया है। इन चीतों को खुले जंगल में छोड़ने से 'प्रोजेक्ट चीता' को नई गति मिलेगी। इससे भारत की वाइल्डलाइफ के इतिहास में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ेगा।

### ज्यादा जेनेटिक विविधता लेकर आए बोत्सवाना की चीते

वाइल्डलाइफ एक्सपर्ट्स का मानना है कि बोत्सवाना से लाए गए चीते ज्यादा जेनेटिक विविधता लेकर आए हैं। इनसे कूनो में चीतों की स्वस्थ और दीर्घकालिक आबादी विकसित करने में मदद मिलेगी। एक्सपर्ट्स ने यह भी उम्मीद जताई है कि ये चीते कूनो के वातावरण में तेजी से घुल-मिल जाएंगे। इन चीतों को गांधी सागर और नौरादेही जैसे अन्य अभ्यारण्यों में भी बसाने की तैयारी की जा रही है।

### कब-कब कहां-कहां से लाए गए चीते

इन चीतों के साथ ही भारत में चीतों की कुल संख्या 57 हो गई है। बता दें, नामीबिया से 17 सितंबर 2022 को 8, वर्ष 2023 में दक्षिण अफ्रीका से 12 चीते कूनो नेशनल पार्क लाए गए थे। बोत्सवाना से आए चीतों को भारतीय वायुसेना के विशेष विमान के माध्यम से ग्वालियर लाया गया था। यहां से उन्हें हेलीकॉप्टर द्वारा कूनो नेशनल पार्क पहुंचाया गया। प्रोजेक्ट चीता का उद्देश्य प्रदेश से लुप्त हुये चीतों की प्रजाति को पुनर्स्थापित करना, उनकी संख्या में वृद्धि करना और उन्हें स्वतंत्र रूप से शिकार और विचरण के लिए तैयार करना है।

## आकाश विजयवर्गीय मानहानि केस में अभिषेक बनर्जी की गिरफ्तारी पर रोक बरकरार, MP कोर्ट ने दी आखिरी मोहलत

जबलपुर। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति प्रमोद कुमार अग्रवाल की एकलपीठ ने बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे तृणमूल



कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी की याचिका की सुनवाई 16 जून तक के लिए बढ़ा दी है। इस बीच याचिकाकर्ता के विरुद्ध भोपाल की एमपी-एमएलए कोर्ट से जारी गिरफ्तारी वारंट पर रोक बरकरार रहेगी। हालांकि कोर्ट ने चेतावनी भरे लहजे में स्पष्ट किया है कि यदि अगली सुनवाई दौरान उनके पैरोकार बहस नहीं करते तो आवेदन पर गुण-दोषों के आधार पर विचार किया जाएगा और अंतरित राहत आगे नहीं बढ़ायी जाएगी।

### क्या है मामला

दरअसल, मानहानि का केस आकाश विजयवर्गीय ने दायर किया है। नवंबर 2020 में कोलकाता में आयोजित एक सभा में अभिषेक बनर्जी ने भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय के बेटे आकाश विजयवर्गीय को गुंडा कहा था। इस बयान को लेकर आकाश ने 2021 में मानहानि का मामला दर्ज कराया था।

### फरार होने की संभावना नहीं

अभिषेक की ओर से याचिका दायर कर दलील दी गई थी कि वे वर्तमान में टीएमसी सांसद हैं और उनके फरार होने की संभावना नहीं है। मामले में आगे हुई सुनवाई पर आवेदक की ओर से समय दिए जाने की प्रार्थना पर न्यायालय ने उक्त निर्देश दिए।

## मध्यप्रदेश जंगलराज का पर्याय बन चुका है - जीतू पटवारी

भोपाल । भारतीय जनता पार्टी ने अपने विधायकों, मंत्रियों, उनके रिश्तेदारों और कार्यकर्ताओं को खुली छूट दे दी है कि वे जितनी अराजकता फैलाना चाहें फैलाएँ, क्योंकि सरकार उनकी है। प्रदेश में लगातार ऐसी घटनाएँ सामने आ रही हैं जहाँ मंत्री, विधायक और उनके समर्थक अपराधों में संलिप्त पाए जा रहे हैं। यह आरोप प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोमवार को सतना में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था, बढ़ते अपराध, भ्रष्टाचार और भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली पर तीखा हमला बोलते हुए लगाए हैं।

पटवारी ने शिवपुरी में भाजपा विधायक प्रीतम लोधी द्वारा अधिकारियों को धमकाने और अभद्र भाषा का प्रयोग करने की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा नेताओं की भाषा, व्यवहार और प्रशासनिक तंत्र को डराने-धमकाने की प्रवृत्ति प्रदेश की स्थिति को स्पष्ट करती है। उन्होंने कहा कि जब सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधि ही प्रशासन को भयभीत करेंगे तो कानून व्यवस्था कैसे कायम रह सकती है।

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश अब जंगलराज का पर्याय बन चुका है। बिहार और उत्तरप्रदेश को लेकर जो बातें पहले कही जाती थीं, अब वही स्थिति मध्यप्रदेश में दिखाई दे रही है। प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और सरकार पूरी तरह मूकदर्शक बनी हुई है।

पटवारी ने कहा कि भ्रष्टाचार भाजपा सरकार की पहचान बन चुका है। यदि भ्रष्टाचार का सिक्का उछाला जाए तो एक तरफ भाजपा और दूसरी तरफ भ्रष्टाचार दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश का शायद ही कोई ऐसा सरकारी कार्यालय बचा हो जहाँ बिना भ्रष्टाचार के आम जनता का काम हो रहा हो। भ्रष्टाचार भाजपा के खून में इस तरह दौड़ने लगा है कि उसका सीधा असर जनता पर पड़ रहा है। उन्होंने उपस्थित पत्रकारों से कहा कि यदि सतना और रीवा संभाग में कोई ऐसा कार्यालय हो जहाँ बिना भ्रष्टाचार के जनता का काम हो रहा हो तो कांग्रेस पार्टी उस कार्यालय का नागरिक अभिनंदन करेगी।

पटवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र की मर्यादाओं का सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह मानती है कि जो जीता वही सिकंदर , लेकिन विपक्ष होने के बावजूद जनता की आवाज उठाना और सरकार की विफलताओं को सामने लाना उसका दायित्व है।

उन्होंने हाल ही में जारी एनसीआरबी रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि देशभर में होने वाले कुल अपराधों में 32 प्रतिशत अपराध मध्यप्रदेश में दर्ज होना भाजपा सरकार के जंगलराज का जीवंत प्रमाण है। महिलाओं, बच्चों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और बुजुर्गों के खिलाफ अपराधों में प्रदेश लगातार शीर्ष पर बना हुआ है।

पटवारी ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा की स्थिति अत्यंत भयावह हो चुकी है। प्रतिदिन 32 बेटियों के लापता होने की घटनाएँ सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ भाजपा सरकार लाड़ली बहना' योजना और महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण की बात कर महिलाओं को गुमराह कर रही है, वहीं दूसरी तरफ प्रदेश में बेटियाँ सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जब बेटियाँ सुरक्षित नहीं रहेंगी तो उनका भविष्य कैसे सुरक्षित होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में हर तीसरे घंटे एक बेटी के साथ दुष्कर्म हो रहा है और प्रतिदिन औसतन 26 दुष्कर्म की घटनाएँ सामने आ रही हैं, जो अत्यंत शर्मनाक और चिंताजनक स्थिति है।

पटवारी ने कहा कि आदिवासियों, दलितों, महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के खिलाफ अत्याचार के मामलों में मध्यप्रदेश लगातार देश में बदनाम हो रहा है। भाजपा सरकार कानून व्यवस्था संभालने में पूरी तरह असफल साबित हुई है। उन्होंने प्रदेश के गृह मंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि वे पूरी तरह नाकारा और निकम्मे साबित हुए हैं। अपराधियों में कानून का भय समाप्त हो चुका है और सरकार की निष्क्रियता के कारण प्रदेश की जनता भय के माहौल में जीने को मजबूर है।

उन्होंने मांग की कि प्रदेश सरकार अपराध और भ्रष्टाचार पर तत्काल कठोर कार्रवाई करे तथा महिलाओं, दलितों, आदिवासियों, बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जवाबदेही तय करे।

## पुलिस ने अपने ही विभाग के आरक्षक को घूस लेते दबोचा

### - पुलिस कमिश्नर तक शिकायत पहुंचने पर हुई कार्यवाही

भोपाल। राजधानी भोपाल में पुलिस विभाग ने अपने ही स्टाफ पर कार्रवाई करते हुए कोहेफिजा थाने के एक आरक्षक और एफआरवी चालक को रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोचा है। यह ट्रैप कार्रवाई पुलिस कमिश्नर तक पहुंची शिकायत के बाद एसीपी अनिल वाजपेयी के नेतृत्व में की गई। कोहेफिजा थाने में पदस्थ आरक्षक यशराज तोमर रिश्वत लेते हुए ट्रैप हुआ है। बताया जा रहा है कि 50 हजार रिश्वत आरक्षक और एफआरवी के ड्राइवर से जब्त हुई है। इसके साथ ही थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिसकर्मियों की भूमिका भी संदिग्ध मानी जा रही है, जिसकी जांच जारी है। पुलिस सूत्रों की माने तो मकान मालिक और किराएदार के बीच चल रहे विवाद में कार्रवाई के नाम पर कोहेफिजा थाने में पदस्थ आरक्षक यशराज तोमर और एफआरवी के एक ड्राइवर ने किराएदार से पैसों की मांग की थी। इसकी शिकायत सीधे भोपाल पुलिस कमिश्नर तक पहुंची थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में ट्रैप की योजना बनाई गई। शिकायत के बाद टीम ने कार्रवाई करते हुए रिश्वत की रकम बरामद की। एसीपी शाहजहानाबाद अनिल वाजपेयी ने पैसे रिकवर किए। सूत्र बताते है की पुलिस ने आरक्षक को हिरासत में ले लिया है, जबकि ड्राइवर को तत्काल ड्यूटी से हटा दिया गया। दोनों के खिलाफ विभागीय और कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

दक्षिण सतपुड़ा
राजनीति | समाज | देशकाल
और गांव कनेक्शन की खबरें

# पद्मेश न्यूज़
शहर | समाज | गांव

12

बालाघाट एक्सप्रेस

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## न्यूज गैलरी

### 2 दिन से लापता युवक का फांसी पर लटका हुआ शव बरामद

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** बिरसा थाना क्षेत्र में आने वाले चुचरूंग टिकरा के जंगल में एक युवक की पेड़ में फांसी पर लटकी हुई लाश बरामद की गई। जिसकी पहचान दो दिन से लापता युवक उदेश कुमार पिता सवनु सिह मेरावी 16 वर्ष ग्राम शेरपार निवासी के नाम से की गई। इस द्वारा स्वमं के द्वारा फांसी लगाने से मौत होने की संभावना की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम शेरपार निवासी सवनुसिह मरावी खेती किसानी करते हैं। जिसके परिवार में पांच बच्चे हैं जिनमें छोटा बेटा उदेश कुमार बचपन से ही मानसिक रूप से कमजोर था जिसका इलाज गांव एवं दूसरे गांव के डॉक्टर से करवाये किंतु उसमें कोई सुधार नहीं आया था। उदेश कुमार बिना बताए कहीं भी चल जाता था और जब परिवार लोगों को पता चलता था तब उसे लेने जाते थे और वह साथ में आ जाता था।कुछ दिन ठीक से रहने के बाद फिर वही पागल जैसी हरकत करते रहता था। 8 मई को जब परिवार के लोग घर में थे उस समय 11:00 बजे उदेश कुमार घर से बिना बताए चला गया था। जो रात तक घर वापस नहीं आया। दूसरे दिन भी वापस नहीं आया। इसके बाद परिवार वालों ने उसकी तलाश किये आसपास पड़ोस के गांव में परिवार में रिश्तेदारी में उदेश कुमार की खोजबीन किये कहीं पता नहीं चला। 10 मई को सुबह 6:00 बजे जब परिवार के लोग उदेश कुमार को ढूंढते हुए चुचरूंग टिकरा जंगल तरफ गए तब जंगल की झाड़ियां में धोड़ा के पेड़ में एक युवक की फांसी पर लटकी लाश देखी गई जिसकी पहचान करने पर यह युवक उदेश कुमार मेरावी था जिसने पेड़ में रस्सी बांधकर फांसी लगा ली थी। सवनुसिंह मेरावी 55 वर्ष ने बिरसा पुलिस थाना में रिपोर्ट की थी। जहां से उप निरीक्षक शिवलाल परते अपने स्टाफ के साथ चुचरंग टिकरा का जंगल पहुंचे और उदेश कुमार की फांसी लटकी लाश नीचे उतरवाई। संभावना व्यक्त की गई है कि मानसिक रूप से कमजोर होने के कारण उदेश कुमार ने स्वयं के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सहायक उप निरीक्षक श्री परते ने उदेश कुमार का शव पंचनामा पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है और धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

# अब पुलिसकर्मी भी नहीं सुरक्षित, गश्त पर गए प्रधान आरक्षक के घर लाखों की चोरी

## बॉटनिकल कॉलोनी में ताले तोड़कर 1.25 लाख नकद और सोने की अंगूठियां पार, सीसीटीवी में कैद हुए चार संदिग्ध

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज।बालाघाट।

**कोतवाली क्षेत्र में इन दिनों चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। चोरों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि अब वे आम नागरिकों के साथ-साथ पुलिसकर्मियों के घरों को भी निशाना बनाने से नहीं चूक रहे हैं। ताजा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गर्रा स्थित बॉटनिकल कॉलोनी वार्ड क्रमांक 12 से सामने आया है, जहां बीती रात अज्ञात चोरों ने एक पुलिसकर्मी के घर में चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार संबंधित पुलिसकर्मी रात के समय शहर में गश्त ड्यूटी पर तैनात था और शहर की अन्य कॉलोनियों की सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहा था। इसी दौरान अज्ञात चोर उसके ही सूने मकान में घुस गए और लाखों रुपए नकद सहित सोने के जेवरात चोरी कर फरार हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। लोगों का कहना है कि जब पुलिसकर्मी का घर सुरक्षित नहीं है तो आम नागरिक खुद को कैसे सुरक्षित महसूस करें। चोरी की पूरी वारदात कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हुई है। फुटेज में चार संदिग्ध युवक आते-जाते दिखाई दे रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी हुई है।**



शहर में एक बार फिर चोरी की घटनाओं ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। कुछ महीने पहले भी शहर में सूने मकानों, दुकानों और दिनदहाड़े चोरी की घटनाओं ने लोगों को परेशान कर दिया था। उस दौरान पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई करते हुए चोरी की घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश लगाया गया था, लेकिन अब बीते कुछ दिनों से शहर में फिर चोरी की वारदातें सामने आने लगी हैं। हालात यह हैं कि अब अज्ञात चोर आम नागरिकों के साथ-साथ पुलिसकर्मियों के घरों को भी निशाना बनाने से नहीं चूक रहे हैं। ताजा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गर्रा के वार्ड क्रमांक 12 स्थित बॉटनिकल कॉलोनी का है, जहां अज्ञात चोरों ने रक्षित केंद्र में पदस्थ प्रधान आरक्षक सुंदरलाल पालेवार के घर को निशाना बनाया। घटना 10 मई की रात की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार प्रधान आरक्षक सुंदरलाल की उस रात 12 बजे से शहर में गश्त ड्यूटी लगी हुई थी। वे महिंद्रा कॉलोनी क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे थे और रात करीब 12 बजे अपने घर से ड्यूटी के लिए निकल गए थे। सुबह लगभग 5:20 बजे जब वे ड्यूटी खत्म कर अपने घर लौटे तो उन्होंने देखा कि घर के सामने लगे ताले टूटे हुए हैं और दरवाजा खुला पड़ा हुआ है। यह देखकर उनके होश उड़ गए। घर के अंदर जाकर देखने पर पता चला कि अज्ञात चोर घर में रखी नगदी और जेवर लेकर फरार हो चुके थे। प्रधान आरक्षक सुंदरलाल ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि उनकी कॉलोनी में पहले कभी चोरी जैसी घटनाएं नहीं हुई थीं, लेकिन पहली बार इस तरह की बड़ी वारदात सामने आई है। उन्होंने बताया कि घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था, क्योंकि वे स्वयं शहर की सुरक्षा में गश्त कर रहे थे और इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उनके घर को निशाना बना लिया। उन्होंने बताया कि घर में करीब 1 लाख 25 हजार रुपए नकद रखे हुए थे, साथ ही एक-एक तोले की दो सोने की अंगूठियां भी घर में रखी थीं, जिन्हें अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। चोरों ने घर के ताले काटकर अंदर प्रवेश किया और पूरी वारदात को अंजाम दिया। प्रधान आरक्षक ने यह भी बताया कि कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी घटना कैद हुई है। फुटेज में लगभग चार अज्ञात युवक कॉलोनी में प्रवेश करते दिखाई दे रहे हैं और बाद में उनके घर में जाते हुए भी नजर आ रहे हैं। उन्होंने घटना की शिकायत कोतवाली थाने में दर्ज करा दी है और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वहीं कॉलोनी में रहने वाले बी.एल. चौधरी ने पद्मेश न्यूज से चर्चा करते हुए बताया कि बीते कुछ दिनों से कॉलोनी की स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हुई हैं। उनका कहना है कि संभवतः अंधेरे का फायदा उठाकर ही अज्ञात चोरों ने इस चोरी की घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने कहा कि बॉटनिकल कॉलोनी एक रिहायशी क्षेत्र है, जहां अधिकतर शासकीय कर्मचारी और उनके परिवार निवास करते हैं। ऐसे में कॉलोनी की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होना जरूरी है। कॉलोनीवासियों ने मांग की है कि रात के समय क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाई जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। साथ ही उन्होंने पुलिस विभाग से इस चोरी की घटना का जल्द खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग भी की है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात चोरों की तलाश में जुटी हुई है। लगातार सामने आ रही चोरी की घटनाओं ने शहरवासियों की चिंता बढ़ा दी है और लोग अब अपनी सुरक्षा को लेकर भी सतर्क नजर आने लगे हैं।

## मवेशी द्वारा पानी पीने के विवाद में मारपीट- भतीजा घायल

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** किरनापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रमगढ़ी में मवेशी द्वारा पानी पीने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया गया। पुलिस ने घायल की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राधेश्याम दमाहे 42 वर्ष खेती-किसानी का कार्य करते हैं। उसके पड़ोस में उसके काका बंसीलाल दमाहे निवास करते हैं, जिनके पास भैंस और बोदा (मवेशी) हैं। राधेश्याम के पास भी दो भैंस हैं जिन्हें गांव का चरवाहा चराने ले जाता है। बताया गया कि बंसीलाल दमाहे का एक बोदा अक्सर राधेश्याम के घर के सामने रखे टब में रखा पानी पी जाता था। जिससे राधेश्याम को अपने मवेशियों के लिए पानी की समस्या होने लगी थी।9 मई को दोपहर करीब 12 बजे राधेश्याम घर पर था। तभी चरवाहा मवेशियों को चराकर वापस लाया। इसी दौरान बंसीलाल का बोदा फिर से राधेश्याम के घर के सामने रखे टब का पानी पी गया। इसी बात को लेकर राधेश्याम ने अपने काका बंसीलाल से आपत्ति जताई।जिस पर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई।विवाद बढ़ने पर बंसीलाल का भाई उक्कासी दमाहे मौके पर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए राधेश्याम के साथ हाथ-मुक्कों एवं ईंट से मारपीट की। आरोप है कि उसने राधेश्याम को जमीन पर गिराकर उसके ऊपर बैठकर भी मारपीट की, जिससे उसके सीना, गाल और कंधे में चोटें आईं।हंगामे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। इसके बाद उक्कासी दमाहे ने जान से मारने की धमकी भी दी।घायल राधेश्याम को उपचार के लिए किरनापुर अस्पताल ले जाया गया। जहां उसका इलाज किया गया। बाद में उसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने उक्कासी दमाहे के खिलाफ मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## लोक सेवा आयोग परीक्षा में बालाघाट के 7 संविदा चिकित्सकों का चयन

### किरनापुर के प्रभारी बीएमओ डॉ. वर्ष चौबे ने प्रदेश में हासिल की 8वीं रैंक

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जिले के स्वास्थ्य विभाग के लिए गौरव की बात है कि जिले की विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संविदा आधार पर सेवाएं दे रहे 7 चिकित्सा अधिकारियों का चयन मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से नियमित चिकित्सा अधिकारी (एमबीबीएस) पद के लिए हुआ है। हाल ही में जारी मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के परिणामों में जिले के इन चिकित्सकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नियमित चिकित्सा सेवा में स्थान प्राप्त किया है। इनमें किरनापुर के प्रभारी बीएमओ डॉ. वर्ष चौबे ने पूरे प्रदेश में 8वीं रैंक हासिल कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। वहीं लालबर्रा की प्रभारी बीएमओ डॉ. रितु धुर्वे का भी चयन नियमित चिकित्सा सेवा के लिए हुआ है। नियमित सेवा के लिए चयनित चिकित्सकों में डॉ. वर्ष चौबे, डॉ. रौशनी नागदेवे, डॉ. अंकित खरोले, डॉ. प्रिया मोरोपे, डॉ. करिश्मा सिल्हारे, डॉ. परितोष शुक्ला एवं डॉ. रितु धुर्वे शामिल हैं। इनमें से कई चिकित्सक मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में संविदा अथवा बांड के आधार पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं या पूर्व में दे चुके हैं। ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में इन चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने चयनित सभी चिकित्सकों को शुभकामनाएं देते हुए इसे जिले के लिए उपलब्धि बताया है। मध्यप्रदेश स्वास्थ्य संचालनालय भोपाल द्वारा चयनित चिकित्सकों की पदस्थापना के लिए पृथक आदेश जारी किए जाएंगे, जिसके बाद उन्हें प्रदेश की विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में नियमित चिकित्सा अधिकारी के रूप में सेवाएं प्रदान करने का अवसर मिलेगा।



## पत्नी के चरित्र पर शक कर पति ने की मारपीट - दी जान से मारने की धमकी

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जिले के बिरसा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शेरपार में एक शर्मनाक मामला सामने आया है। पति द्वारा पत्नी के चरित्र पर शक कर शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना देने का मामला दर्ज किया गया है पति ने शराब के नशे में पत्नी से बेरहमी से मारपीट की और किसी अन्य युवक से बात करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। बिरसा पुलिस ने इस मामले में भूमिलाल पिता बुधराम नेताम के विरुद्ध मामला कायम कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्यामवती नेताम, 30 वर्ष शेरपार की निवासी है। वह खेती-किसानी और मजदूरी कर तीन बच्चों का पालन-पोषण करती है। श्यामवती अपने बच्चों के साथ घर में अकेली रहती है। जबकि उसके सास-ससुर अलग रहते हैं। पति भूमिलाल नेताम छत्तीसगढ़ में मजदूरी करने जाता है। और वह बीच-बीच में घर आते-जाते रहता है। आरोप है कि जब भी भूमिलाल घर आता है। वह शराब के नशे में पत्नी के चरित्र पर संदेह कर उसके साथ मारपीट करता है। चार दिन पहले ही भूमिलाल छत्तीसगढ़ से घर लौटा था और रोज शराब पी रहा था। 8 मई को भी वह शराब पीकर घर पहुंचा। उसने पत्नी पर दूसरे लड़कों से बात करने और उनके साथ बैठने का आरोप लगाते हुए मारपीट शुरू कर दी। डर के मारे श्यामवती भागकर पड़ोस में चली गई। लेकिन भूमिलाल पीछा करते हुए वहां पहुंचा। उसने श्यामवती को बाल पकड़कर बाहर खींचा और बुरी तरह पीटा। मारपीट के दौरान भूमिलाल उसे किसी लड़के से बात करने पर जान से मारने की धमकी दे दी। हमले में श्यामवती गंभीर रूप से घायल हो गई थी। 9 मई को श्यामवती अपने बड़े पिताजी के साथ बिरसा थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। बिरसा पुलिस ने श्यामवती की रिपोर्ट पर उसके पति भूमिलाल पिता बुधराम नेताम के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बिरसा पुलिस ने भूमिलाल के विरुद्ध शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना, मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देने की भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया है। जिसकी जांच की जा रही है।

पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय, काली पुतली चौक, बालाघाट(म.प्र.) से प्रकाशित,
**प्रधान संपादक : उमेश बागरेचा**, मो.नं. :9425138710, , ई-मेल- balaghatexpress@gmail.com पंजीयन क्रं. MPHIN/2009/32311, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट